## महत्वपूर्ण एवं खास

### उपचार के नाम पर युवती से छेड़खानी

कुनकुरी। चिकित्सा के नाम पर चिकित्सक के आपत्तिजनक व्यवहार पर पीड़ित युवती ने कुनकुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। चिकित्सक के द्वारा युवती से छेड़खानी की जा रही थी और तंज कसते हुए दुर्व्यव्हार किया जा रहा था। कुनकुरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चिकित्सक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। कुनकुरी थाना प्रभारी विशाल कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि कुनकुरी निवासी 27 वर्षीय पीड़िता स्थानीय होम्योपैथिक चिकित्सक से चिकित्सा ले रही थी। इस संदर्भ में वह कई बार दवा व सलाह लेने स्थानीय प्रैक्टिस कर रहे आरोपी डॉ आरपी गुप्ता के पास जाती थी। दिनांक 22 नवंबर को जब वह इलाज के लिए पहुंचती तो डॉ आरपी गुप्ता आपत्तिजनक व्यवहार करने लगे और लोक लाज की परवाह किए बिना युवती के साथ गलत व्यवहार करने का प्रयास करने लगे। घटना से क्षुब्ध युवती ने मामले की शिकायत लेकर कुनकुरी थाने पहुंची और मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की। शिकायत पर पुलिस ने मामले में धारा 354, 354 क के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना कर रही है। आरोपी चिकित्सक की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा डाउन लाइन में अपरिहार्य परिचालन कारणों के फलस्वरुप कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेगी

रायगढ़। बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर-झारसुगुडा डाउन में 04 से 25 दिसम्बर, 2018 तक प्रत्येक मंगलवार को 15.30 बजे से 21.30 बजे तक एवं 01 से 29 दिसम्बर 2018 तक प्रत्येक शनिवार को 05.00 बजे से 15.00 बजे तक अपरिहार्य परिचालन परिस्थितियों के फलस्वरूप इस दौरान मंडल से चलने वाली कुछ सवारी गाड़ियों, होकर जाने वाली एक्सप्रेस गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

### डम्फर की ठोकर से बाइक चालक की मौत, सरिया क्षेत्र की घटना

रायगढ़। सरिया थाना क्षेत्र के ग्राम भिखमपुरा डिपापारा के पास एक डम्फर चालक ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना 26 नवंबर की देर शाम की है। वहीं घटना के बाद आरोपी डम्फर चालक वाहन को वहीं छोड़ कर मौके से फरार हो गया। मृतक का नाम लोहरिक सतनामी उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम भिखमपुरा सरिया है। मृतक अपने मोटर सायकल में अकेले ग्राम बोंदा गया था और शाम वह अपने मोटर सायकल से घर भिखमपुरा जाने के लिये निकला था कि उसे डम्फर चालक ने अपने चपेट में ले लिया।

### चुनाव में व्यय की नही दी जानकारी, तीन दिन में जानकारी देने के निर्देश

रायगढ़ । विधानसभा निर्वाचन 2018 अंतर्गत विधानसभा खरसिया के निर्दलीय प्रत्याशी उम्मेद सिंह राठिया को समय पर व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने के कारण खरसिया के रिटनिर्ग अधिकारी ने 3 दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि खरसिया विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी उम्मेद सिंह राठिया को 8, 11, 14, 17 एवं 19 नवम्बर तक व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाना था। उक्त तिथि तक संबंधित प्रत्याशी द्वारा निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया।

# 3 साल की नौकरी के बाद मिलेगी ग्रेच्युटी, सरकार कर सकती है घोषणा




नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टरों में काम करने वाले कर्मचारियों को एक बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। इस साल के आखिर तक निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को केंद्र सरकार पांच साल की बजाय तीन साल में ग्रेच्युटी दे सकती है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि 4 दिसम्बर को होने वाले सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज के नए बोर्ड की बैठक में ये प्रस्ताव रखा जाएगा।

केंद्र सरकार ने ग्रेच्युटी मिलने की न्यूनतम समय सीमा 5 साल से घटाकर 3 साल करने का मन बना लिया है। बताया जा रहा है कि प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों को आकर्षित करने वाला ये बड़ा तोहफा केंद्र सरकार 2019 आमचुनाव से पहले दे सकती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, ग्रेच्युटी मिलने की समय सीमा कम करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। सूत्रों का दावा है कि श्रम मंत्रालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इस बावत लेबर मिनिस्ट्री ने विभिन्न इंडस्ट्रीज से राय भी मांगी है।

बताया जा रहा है कि इसके लिए उद्योग जगत की राय जरूरी है, क्योंकि ग्रेच्युटी की अवधि कम किए जाने का प्रभाव उन पर क्या पड़ेगा और इसे लागू करने में क्या परेशानी आ सकती हैं, इसका आकलन करना जरूरी है। यहां ये जानना जरूरी है कि फिलहाल किसी भी कंपनी या संस्था में कर्मचारी को ग्रेच्युटी तभी दी जाती है, जब वो कर्मचारी कम से कम 5 साल से काम कर रहा हो।

साथ ही, ग्रेच्युटी की गणना के तरीकों में भी खास बदलाव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि ये फैसला नया साल आगाज से पहले हो सकता है। हालांकि, देश के तमाम मजदूर यूनियन ग्रेच्युटी देने की समय सीमा घटाने की मांग सालों से करते रहे है। उनकी मांग है कि ग्रेच्युटी देने की समय सीमा 5 साल की जगह 1 साल कर दी जाए।

#### फिक्स्ड टर्म इम्प्लॉई को भी ग्रेच्युटी का लाभ

सूत्रों के मुताबिक, सिर्फ साल की अवधि घटाने और ग्रेच्युटी गणना में ही बदलाव नहीं, बल्कि फिक्स्ड टर्म इम्प्लॉई को भी ग्रेच्युटी का लाभ देने की तैयारी की जा रही है। विचाराधीन प्रावधानों के मुताबिक, फिक्स्ड टर्म कर्मचारी भी ग्रेच्युटी पाने का हकदार होगा, चाहे उसका टर्म 5 साल से कम ही क्यों न हो। हालांकि, ये अनुपातिक रूप से लागू होगा।

इसका मतलब यह है कि कर्मचारी की जितने समय की सर्विस होगी, उसी अनुपात में उसे लाभ देना होगा। कुल मिलकर फिक्स्ड टर्म इम्प्लॉई को भी स्थायी कर्मचारी की तरह ही लाभ देने की तैयारी की जा रही है। सरकारी सूत्रों का दावा है की इसके लिए जरूरी नियमों में सरकार बदलाव करेगी।

## बकाया वसूलने बिजली विभाग का अभियान जारी

### 108 बकायादारों की काटी गई लाईन, 29 उपभोक्ताओं से 4.57 लाख भी वसुले



रायगढ़। बिजली विभाग द्वारा राजस्व बकाया वसूलने हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 6 टीम द्वारा रायगढ़ जोन-एक, लैलुंगा, पुसौर, कुसमुरा एवं नंदेली वितरण केन्द्र अंतर्गत ग्राम रायगढ़ लैलुंगा, भुकुर्रा, कोडपाली, कोसमंदा, ठेगनापाली, झगरपुर एवं केराबहार में राजस्व बकाया राशि वसूली हेतु बनाए गए विशेष जांच दल द्वारा छापामार एवं बकायादारों के कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई। इस दरमियान 20 हजार से अधिक राशि के कुल 261 उपभोक्ताओं का कनेक्शन चेकिंग किया गया। जांच दल द्वारा 108 बकायादारों के 25.92 लाख रूपए का भूगतान बांकी होने के कारणा उनका लाईन विच्छेद किया गया, विच्छेदन के दौरान 29 उपभोक्ताओं द्वारा 4.57 लाख का भुगतान प्राप्त किया गया।

### पीजी में 55 प्रतिशत लाओ, 3100 रुपये महीना पाओ

बिलासपुर। पीजी छात्राओं के लिए खुशखबरी है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग माता-पिता की इकलौती बेटियों को स्पेशल छात्रवृत्ति देगी। देशभर के किसी भी जाति या आय वर्ग की छात्राओं को दो साल तक हर महीना 3100 रुपये मिलेंगे। फार्म भरते समय जरूरी शर्तों को पूरा करना होगा। पढ़ाई में परफॉरमेंस ठीक नहीं रहने पर छात्रवृत्ति रद भी हो सकती है।

### ट्रेक्टर से गिरकर मामी भांजी की मौत, लैलूंगा क्षेत्र की घटना

रायगढ़। जिले के लैलूंगा ब्लाक से एक दुखद खबर सामने आई है। जहां एक सड़क दुर्घटना में मामी और उसके तीन साल के भांजी की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जाती है। लैलूंगा के वार्ड नं. 4 जुनाडीह निवासी देवनाथ सिदार की पत्नी उत्तरा सिदार 35 वर्ष अपने तीन साल की भांजी शुरभि के साथ ट्रेक्टर में खेत से धान लेकर घर लौट रही थी। बताया जा रहा है कि महिला ट्रेक्टर के ट्राली में बच्ची के साथ धान के उपर बैठी थी इसी दौरान नहर के पास ट्रेक्टर ट्राली का संतुलन अचानक बिगड़ गया और उत्तरा सिदार अपनी भांजी के साथ नीचे गिर गई, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गई। दोनों को पहले घर ले जाया गया जहां घर पर बच्ची की मौत हो गई। जबकि लैलूंगा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिए ले जाए जाने के दौरान महिला की भी मृत्यु हो जाने की जानकारी मिली है। घटना के बाद से जुनाडीह सहित पूरे लैलूंगा क्षेत्र में मातम पसर गया है।

## रास्ते से गुम हुआ 12 लाख का सरकारी चावल, 40 दिन बाद भी ब्लेक लिस्टेड नहीं



रायगढ़। रास्ते से गुम हुए 12 लाख के सरकारी चावल के लिए 40 दिन बाद भी ट्रांसपोर्टर को ब्लेक लिस्टेड नहीं किया जा सका है। 16 अक्टूबर को नागरिक आपूर्ति निगम के रायगढ़ गोदाम से निकले 310 क्विंटल चावल को जशपुर जिले में पीडीएस के लिए भेजा गया था लेकिन रास्ते में ही रहस्यमयी तरीके से गायब होने के बाद ट्रांसपोर्टर पर अफसर कोई कार्रवाई नहीं कर सके हैं।

डेढ़ महीने पहले सारंगढ़ के पाखड़ चावल कांड जैसा ही एक मामला नान में घटित हुआ था। नान के सीडब्ल्यूसी-2 गोदाम से चावल से भरा एक ट्रक लोड होकर निकला था। पीडीएस में राशन दुकानों में बंटने वाला यह चावल जशपुर व कुनकुरी भेजा गया था। 16 अक्टूबर को ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5184 में 310 क्विंटल चावल लोड कर रवाना किया गया। चावल के परिवहन के लिए ट्रांसपोर्टर अनिल गोयल को काम मिला हुआ था। गाड़ी रायगढ़ से निकल गई लेकिन जशपुर नहीं पहुंची। खोजबीन की गई तो पता चला कि पत्थलगांव में एक राइस मिल के करीब गाड़ी रहस्यमयी तरीके से खो गई। अफसरों को अंदेशा था कि इसे कोतबा की किसी राइस मिल में खपाया गया था। हालाकि पुलिस व विभाग के अफसर सही समय पर इसकी तस्दीक नहीं कर सके। अब पीडीएस का सरकारी चावल अपने गंत्वय पर नहीं पहुंचा तो अफसरों ने पुलिस को सूचना देकर अपना पीछा छुड़ा लिया लेकिन दोषी ट्रांसपोर्टर को ब्लेक लिस्टेड नहीं कर सके हैं। अब घटना को पूरे 40 दिन गुजर चुके हैं लेकिन नान के अफसर ट्रांसपोर्टर का पेमेंट रोकने की बात कहकर अपनी ओर से सफाई दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि जिले में साल 2015 में सारंगढ़ के गोड़ा में ऐसा ही मामला सामने आया था और पीडीएस के निकले सरकारी चावल को राइस मिल के स्टाक से बदल दिया गया था। अब नान के इस गुम चावल वाले मामले में भी ऐसी ही आशंका जताई जा रही है।


तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996


पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN


ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session





Join

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359



SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य बिन्दु

पीड़ित संपर्क करें

अन्य बिन्दु

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931